
कांग्रेस की लंच डिप्लोमेसी में भविष्य की रणनीति पर मुहर

सीईसी के खिलाफ राष्ट्रपति से मिलने के लिए विपक्ष हुआ एकजुट



नवभारत न्यूज नेटवर्क

नई दिल्ली, 07 अक्टूबर. कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने इंडिया गठबंधन के सांसदों के साथ दोपहर का भोजन करते हुए भविष्य की रणनीति बनाई.

चुनाव आयोग कार्यालय से लगभग तीन सौ मीटर दूर दिल्ली के जनपथ स्थित प्रसिद्ध सागर रत्न रेस्टोरेंट में खड़गे की मेजबानी में आयोजित हुआ दोपहर भोज जिसे लंच डिप्लोमेसी कहा जा रहा है. इस रणनीतिक भोज में लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी, प्रियंका गांधी समेत लगभग बीस दलों के सांसदों व प्रमुख नेताओं ने हिस्सा लिया. बताया जा रहा है कि इस बैठक का मुख्य उद्देश्य चुनाव आयोग के खिलाफ जारी विपक्ष के विरोध प्रदर्शनों के बीच भविष्य की साझा राजनीतिक और रणनीतिक रूपरेखा तैयार करना है. सूत्रों की मानें तो लंच के दौरान सभी विपक्षी सांसदों ने एक साझा पत्र पर हस्ताक्षर किए हैं, जिसके जरिए वे मुख्य चुनाव आयुक्त से मुलाकात का औपचारिक समय मांगेंगे और चुनावी प्रक्रियाओं से जुड़ी चिंताओं को सीधे आयोग के समक्ष रखने की योजना बनाई गई है. यह भी रणनीति बनाई गई है कि यदि चुनाव आयोग की ओर से मुलाकात का समय तय होता है और सभी दलों से एक-एक प्रतिनिधि को मिलने के लिए बुलाया जाता है, तो ऐसी स्थिति में सभी विपक्षी सांसदों को एक साथ बैठक में बुलाने के लिए पुन: पत्र लिखकर दबाव बनाया जाएगा. मांग को नहीं माना गया तब पार्टी फिर चुनाव आयोग मुख्यालय निर्वाचन सदन तक संयुक्त विरोध मार्च निकालने की घोषणा करेगी.

प्रदर्शन में प्रियंका ने संभाला मोर्चा



जंतर-मंतर से पहले पुलिसिया कार्रवाई के विरोध में विपक्षी नेताओं ने पीछे हटने के बजाय सड़क पर ही धरना देना आरंभ कर दिया. इस पूरे प्रदर्शन के दौरान मोर्चा मुख्य रूप से प्रियंका गांधी ने संभाला. पुलिस द्वारा सांसदों के साथ किए गए कथित गलत व्यवहार और तीखी धक्का-मुक्की के विरोध में प्रियंका गांधी वहीं सड़क पर जमीन पर लेट गईं, जिन्हें सुरक्षा देने के लिए महिला सांसदों और महिला व पुरुष नेताओं ने तुरंत एक मजबूत घेरा बनाकर सुरक्षा चक्र तैयार कर लिया. इस दौरान राहुल गांधी अपने सांसदों के साथ वहीं मुस्तैदी से खड़े रहे. काफी देर तक चली भारी खींचतान और जंतर-मंतर जाने के लिए जिद पर अड़े नेताओं को बारी-बारी से सुरक्षा बलों द्वारा उठाकर बस में बैठा दिया गया.

सपा लंच में नहीं हुई शामिल, कांग्रेस ने दी सफाई



हालांकि सपा ने इस लंच में हिस्सा नहीं लिया. सपा सूत्रों ने बताया कि कांग्रेस की तरफ से इस लंच बैठक को लेकर समय रहते कोई औपचारिक सूचना नहीं दी गई थी. क्योंकि लंच पूर्व निर्धारित नहीं था ऐसे में मंगलवार को चुनाव आयोग के खिलाफ मार्च खत्म होने के बाद सपा के अधिकतर सांसद अपने-अपने निर्वाचन क्षेत्रों के लिए रवाना हो गए थे. इस संबंध में कुछ लोग अनौपचारिक बातचीत में कह रहे हैं कि मंगलवार के आंदोलन में सपा प्रमुख अखिलेश यादव अपने सांसदों के साथ मौजूद थे लेकिन राहुल गांधी व प्रियंका गांधी विरोध मार्च की रणनीति से अलग आकाशवाणी भवन परिसर में अकेले धरना पर बैठ गए और वहां सहयोगियों को नहीं बुलाया. इसके कारण सपा को असहजता हुई है.

पत्नी का बार-बार आपराधिक मामले चलाना मानसिक क्रूरता

छत्तीसगढ़ हाई कोर्ट का बड़ा फैसला, तलाक हुआ मंजूर

नवभारत न्यूज नेटवर्क

बिलासपुर, 7 अक्टूबर. छत्तीसगढ़ हाई कोर्ट ने पति के खिलाफ दहेज प्रताड़ना और घरेलू हिंसा के मामले दर्ज कराने, आरोपितों के बरी होने के बाद भी उन फैसलों को चुनौती देने और लगातार कानूनी कार्यवाही जारी रखने को मानसिक क्रूरता माना है.

न्यायमूर्ति पार्थ प्रतिम साहू और न्यायमूर्ति सुषमा सावंत की डिवीजन बेंच ने जांजगीर निवासी विशंभर प्रसाद राठौर (29 वर्ष) की याचिका मंजूर करते हुए उनकी पत्नी मनीषा राठौर (30 वर्ष) से विवाह समाप्त करने का आदेश दिया है. विशंभर और मनीषा का विवाह 2015 में हुआ था. पति ने आरोप लगाया कि शादी के बाद पत्नी कुछ ही दिन ससुराल में रही और विवाद शुरू हो गया. उन्होंने पत्नी पर दुर्व्यवहार और घर में अशांति पैदा करने के आरोप लगाए. परिवार न्यायालय ने आठ अगस्त 2019 को आरोप साबित न होने के कारण तलाक का आवेदन खारिज कर दिया. पत्नी की शिकायत पर पति और उसके परिवार के छह अन्य सदस्यों के खिलाफ दहेज प्रताड़ना का मामला चला, जिसमें 14 दिसंबर 2023 को सभी आरोपित बरी हो गए. पत्नी की अपील भी सात मार्च 2025 को खारिज हो गई. पति ने हाई कोर्ट में तलाक की याचिका दाखिल की. कोर्ट ने कहा कि केवल शिकायत दर्ज कराना मानसिक क्रूरता नहीं है.

जनकल्याण के 200 करोड़ खा गया अफसर का गठजोड़

ईडी ने मनी लॉन्ड्रिंग रैकेट का किया भंडाफोड

नवभारत न्यूज नेटवर्क

नई दिल्ली, 7 अक्टूबर. प्रवर्तन निदेशालय ने कई कॉर्पोरेट घरानों से जुड़े कई बड़े रिश्वत रैकेट का पर्दाफाश किया है. ये घराने कॉर्पोरेट सोशल रिस्पॉन्सिबिलिटी फंड की हेराफेरी और मनी लॉन्ड्रिंग में शामिल थे.

सीएसआर सिस्टम का इस्तेमाल हिसाब-किताब वाले फंड को बिना हिसाब-किताब वाले कैश में बदलने के जरिए के तौर पर किया जाता है. ईडी ने शुरुआती जांच में अनुमान लगाया कि इस सिस्टम के जरिए 200 करोड़ रुपये का फंड इधर-उधर किया गया. एजेंसी ने इस रैकेट का



पर्दाफाश करने के बाद बताया कि जांच से पता चला है कि कॉर्पोरेट घरानों से मिले सीएसआर योगदान का छोटा सा कमीशन काटकर योगदानकर्ताओं को काफी हद तक कैश में वापस कर दिया जाता था. सीएसआर फंड जारी करने के लिए इन पीएसयू के बड़े अधिकारियों को भारी रिश्वत दी जाती थी.

पीएसयू कर्मचारी वे लोग होते हैं जो पब्लिक सेक्टर अंडरटेकिंग्स में काम करते हैं. ये सरकारी स्वामित्व वाले उद्यम होते हैं, जिनमें सरकार की हिस्सेदारी 50 से 100 प्रतिशत तक होती है. 1 अक्टूबर को केंद्रीय एजेंसी ने इन फर्जी डोनेशन मामलों से जुड़ी महाराष्ट्र, बंगाल, गुजरात और दिल्ली की आठ जगहों पर तलाशी ली.

30 साल से हेराफेरी

ईडी के मुताबिक, धर्मेंद्र कुमार चंद्रदेव नाम का एक व्यक्ति करीब तीन दशकों से डॉक्टर बनकर लोगों को धोखा दे रहा था. ये फर्जी डॉक्टर टैक्स-फ्री चैरिटी के नाम पर मनी लॉन्ड्रिंग के लिए बनाए गए अपने कई ट्रस्टों में सीएसआर डोनेशन लिया करता था. अपना कमीशन रखने के बाद, यह फंड कैश के रूप में डोनेट करने वाले को वापस कर दिया जाता था. इस रैकेट में कुछ कॉर्पोरेट घराने, अस्पताल, सार्वजनिक क्षेत्र की कंपनियां और सरकारी बैंक शामिल थे.

बंगाल का नाम होगा पश्चिम बंग

सरकार नाम बदलने जल्द लाएगी बिल : भट्टाचार्य

नवभारत न्यूज नेटवक

कोलकाता, 7 अक्टूबर. पश्चिम बंगाल बीजेपी अध्यक्ष शमिक भट्टाचार्य ने बुधवार को कहा कि राज्य का नाम बदलकर पश्चिम बंग किया जाएगा और इसके लिए विधानसभा के पहले सत्र में एक बिल पेश किया जाएगा.

नाम बदलने के बारे में दोबारा पूछे जाने पर उन्होंने कहा, भाई, मुझे कितनी बार कहना होगा ? नाम 'पश्चिम बंग' ही होगा. उन्होंने इस हफ्ते की शुरुआत में ही संकेत दिया था कि नाम बदलने की प्रक्रिया जल्द ही पूरी होने वाली है. उन्होंने कहा था कि पश्चिम बंग, बांग्ला और बंगा जैसे नामों का इस्तेमाल अब नहीं किया जाएगा. इससे पहले भट्टाचार्य ने कहा था, अब आपको लंबे समय तक पश्चिम बंग, बांग्ला या बंगा जैसे नाम सुनने को नहीं मिलेंगे. प्रस्तावित कानूनी कदम के बारे में बताते हुए बीजेपी के राज्य प्रमुख ने कहा कि इस बिल का मकसद राज्य के आधिकारिक नाम को उसकी ऐतिहासिक पहचान से जोड़ना है.



पहले भी बदला नाम

पश्चिम बंगाल का नाम बदलने के प्रस्ताव का एक लंबा राजनीतिक इतिहास रहा है. यह पहल 1999 में शुरू हुई थी, जब लेफ्ट फ्रंट सरकार ने राज्य का नया नाम पश्चिम बंग रखने का प्रस्ताव दिया था. बाद में तत्कालीन कांग्रेस विधायक सौगत रॉय के सुझाव पर इस प्रस्ताव को बदलकर बांग्ला कर दिया गया, लेकिन केंद्र ने इसे खारिज कर दिया. 2011 में तृणमूल कांग्रेस के सत्ता में आने के बाद राज्य ने फिर से 'पश्चिम बंग' नाम का प्रस्ताव रखा, जिसे यूपीए-2 सरकार ने ठुकरा दिया. 2016 में राज्य ने तीन नाम सुझाए बंगाली में बांग्ला, अंग्रेजी में बेंगाल और हिंदी में बंगाल और आखिरकार तीनों भाषाओं में बांग्ला नाम का प्रस्ताव रखा.

यूक्रेन पर रूस ने दागी 70 मिसाइलें, 11 की मौत

सैन्य और ऊर्जा ठिकानों पर भीषण हमला

नवभारत न्यूज नेटवर्क

मॉस्को, 7 अक्टूबर. रूस के रक्षा मंत्रालय ने बुधवार को कहा कि उसकी सेनाओं ने कीव और यूक्रेन के कई अन्य इलाकों में सैन्य-औद्योगिक ठिकानों पर सटीक निशाना साधने वाले हथियारों और ड्रोन का इस्तेमाल करके जबरदस्त हमला किया.

मंत्रालय ने बताया कि इन हमलों में जमीन, समुद्र और हवा से छोड़े जाने वाले हथियारों के साथ-साथ ड्रोन का भी इस्तेमाल किया गया. मंत्रालय के अनुसार, हमलों में कीव में फायर



पॉइंट द्वारा संचालित ठिकाने भी शामिल थे, जहां कथित तौर पर फ्लेमिंगो क्रूज मिसाइलें और मध्यम व लंबी दूरी के ड्रोन बनाए और रखे जाते हैं. मंत्रालय ने कहा कि कीव, चेर्निहाइव, किरोवोहराद, निप्रॉपेट्रोव्स्क, पोल्टावा और खार्किव इलाकों में भी सैन्य-औद्योगिक ठिकानों पर हमले किए गए.

एक नजर में

श्रीलंका के पूर्व राष्ट्रपति की पत्नी शिरंथी गिरफ्तार

कोलंबो. श्रीलंका की पूर्व प्रथम महिला शिरंथी राजपक्षे को बुधवार को उनके एनजीओ ओसिरलिया सवियाओ के बैंक अकाउंट से जुड़े कथित धोखाधड़ी के मामले में गिरफ्तार किया गया. रिश्वत या भ्रष्टाचार के आरोपों की जांच करने वाले आयोग के अधिकारियों ने श्रीलंका के पूर्व राष्ट्रपति महिंदा राजपक्षे की पत्नी को कोलंबो के पोल्हेंगोडा में उनके घर से गिरफ्तार किया. 73 वर्षीय शिरंथी सोमवार को ही सिंगापुर से इलाज कराकर लौटी थीं. वकीलों ने उनकी गिरफ्तारी को रोकने के लिए अग्रिम जमानत की अर्जी दाखिल की थी.

भर्ती घोटाले में केपीएससी अध्यक्ष व सदस्य गिरफ्तार

बेंगलुरु. प्रवर्तन निदेशालय ने मनी लॉन्ड्रिंग की जांच के सिलसिले में कर्नाटक लोक सेवा आयोग के निलंबित अध्यक्ष शिवशंकरप्पा एस साहूकार और सदस्य बी वी गीता को गिरफ्तार किया है. अधिकारियों ने बताया कि बुधवार को शिवशंकरप्पा एस साहूकार और बीवी गीता को कुछ परीक्षाओं के आयोजन में अनियमितताओं की जांच के बाद गिरफ्तार किया गया है. इससे पहले दोनों को ईडी ने पीएमएलए के प्रविधानों के तहत हिरासत में लिया था.

सिलचर निकाय चुनाव में एनडीए की बंपर जीत

गुवाहाटी. असम में हुए सिलचर नगर निगम के पहले चुनावों में भारतीय जनता पार्टी के नेतृत्व वाले एनडीए ने शानदार जीत दर्ज की है. कुल 42 सीटों में से एनडीए ने 34 सीटों पर कब्जा जमाया है. इस चुनाव की सबसे खास बात यह रही कि मतदान इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन से नहीं, बल्कि बैलट पेपर से कराए गए थे, जिसके चलते सियासी गलियारों में बयानबाजी तेज हो गई है. इस चुनाव में भाजपा ने अकेले 32 सीटों पर जीत हासिल की है.

सीईसी नियुक्ति केस देखेंगे सीजेआई

कानून वापस लेने को लेकर याचिका पर हुआ तय

नवभारत न्यूज

नई दिल्ली, 7 अक्टूबर. सुप्रीम कोर्ट में मुख्य चुनाव आयुक्त की नियुक्ति कानून पर फैसले को वापस लेने की याचिका दायर की गई है. इस याचिका पर मुख्य न्यायाधीश सूर्यकांत ने बुधवार को कहा, वह इस अर्जी की जांच करेंगे.

सीनियर वकील गोपाल शंकरनारायणन ने सीजेआई के सामने यह अर्जी रखी. उन्होंने साफ किया कि यह एक इंटरलोक्यूटरी एप्लीकेशन है, जिसे 23 सितंबर के फैसले को वापस लेने के लिए दायर किया गया है. यह फैसला जस्टिस दीपांकर दत्ता और जस्टिस सतीश चंद्र शर्मा की बेंच ने मुख्य चुनाव आयुक्त और चुनाव आयुक्त (नियुक्ति, सेवा की शर्तें और कार्यकाल) अधिनियम, 2023 को चुनौती देने वाली याचिकाओं पर सुनाया था. सीजेआई ने इस मामले पर विचार करने की सहमति देते हुए कहा, हम जांच करेंगे और फिर फैसला लेंगे. सीजेआई ने यह भी कहा कि उन्होंने पढ़ा है कि एक क्यूरेटिव पिटीशन भी दायर की गई है. सीनियर वकील शंकरनारायणन ने हां में जवाब दिया और कहा, इसे किसी दूसरी पार्टी ने दायर किया है, लेकिन क्यूरेटिव पिटीशन से पहले रिव्यू पिटीशन दायर होनी चाहिए.



सीईसी का छत्तीसगढ़ का दौरा टला

नई दिल्ली. मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार और चुनाव आयोग के अन्य अधिकारियों का दो दिवसीय छत्तीसगढ़ दौरा अचानक रद कर दिया गया है. यह दौरा 7 और 8 अक्टूबर को प्रस्तावित था, लेकिन चुनाव आयोग ने इसे अपरिहार्य कारणों का हवाला देते हुए टाल दिया है. बता दें कि अपने इस दौरे के दौरान मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार और उनके साथ मौजूद वरिष्ठ अधिकारियों को राज्य के कई अहम हिस्सों, खासकर दंतेवाड़ा, बस्तर और कवर्धा का दौरा करना था.

कार्यालय नगर परिषद डिण्डौरी, जिला डिण्डौरी (म.प्र.)

Email-cmodidori@mpurban.gov.in Contact No.

एनआईटी क्र .// लो.नि.शा./2026-27/2635 // **ई-निविदा आमंत्रण सूचना** // डिण्डौरी, दिनांक :- 07/10/2026

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि निम्नलिखित कार्य हेतु म.प्र.शासन UADD ISSR w.e.f. 02 August 2021 से प्रभावशील ISSR पर कम/अधिक प्रतिशत के आधार पर केन्द्रीकृत पंजीयन प्रणाली या सक्षम श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से ऑनलाईन निविदा दिनांक 27/10/2026 समय 17.30 बजे तक आमंत्रित की जाती है।

ई-टेंडर क्र.	कार्य का नाम	अनुमानित लागत एवं ISSR (रुपए में)	अमानत राशि (रुपए में)	निविदा प्रपत्र मूल्य (रुपए में)	सक्षम पंजी श्रेणी	कार्यावधि
2026_UAD_541545_1	वार्ड क्रमांक 02 में श्याम जी के घर से मंजू गर्मे के घर तक पेवर ब्लॉक कार्य एवं नरेन्द्र राजपूत के घर से मनीषा के घर तक सी सी रोड निर्माण कार्य।	721131.00 UADD ISSR w.e.f. 02 August 2021	14423.00	2000.00	Centralized Registration system on PWD	03 माह

शर्त-निविदा से संबंधित किसी भी प्रकार के संशोधन का प्रकाशन ऑनलाईन http://www.mptenders.gov.in वेबसाईट पर किया जावेगा पृथक से समाचार पत्र में प्रकाशन नहीं किया जावेगा।

श्रीमती सुनीता अशोक सारस, अध्यक्ष, नगर परिषद डिण्डौरी | श्रीमती सारिका मंटू नायक, उपाध्यक्ष, नगर परिषद डिण्डौरी | श्री रीतेश जैन, लोक निर्माण सभापति, नगर परिषद डिण्डौरी | मुख्य नगर पालिका अधिकारी, नगर परिषद डिण्डौरी, जिला डिण्डौरी (म.प्र.)

फिल्म की तरह पैसा भी हो गया अता पता लापता

चेक बाउंस मामले में राजपाल को फटकार

नवभारत न्यूज नेटवर्क

नई दिल्ली, 7 अक्टूबर. सुप्रीम कोर्ट ने चेक बाउंस से जुड़े एक पुराने मामले में अभिनेता राजपाल यादव को कड़ी फटकार लगाई है. कोर्ट ने उन्हें 13 अक्टूबर तक शिकायतकर्ता को देय राशि में से 2 करोड़ रुपये जमा करने का कड़ा निर्देश दिया है.

अदालत ने साफ कर दिया है कि यह भुगतान होने के बाद ही हाईकोर्ट के आदेश के खिलाफ उनकी याचिका पर विचार किया जाएगा. बता दें कि सुनवाई के दौरान राजपाल यादव खुद कोर्ट में मौजूद थे. उनके पास 1.15 करोड़ रुपये का डिमांड ड्राफ्ट था, जिसे उन्होंने कोर्ट में पेश किया. वहीं, बाकी बचे 85 लाख रुपये उनकी प्रॉपर्टी खरीदने वाले एक खरीदार के जरिए 13 अक्टूबर तक चुकाए जाने हैं, जो उनके साथ कोर्ट में मौजूद था.


ऐसे में सुनवाई के दौरान अदालत ने राजपाल यादव के रवैये पर गहरी नाराजगी जताई. सर्वोच्च न्यायालय ने चेतावनी देते हुए कहा कि यदि जरूरत पड़ी तो उनकी सजा बढ़ाई भी जा सकती है.



हस्तियों के ट्वीट



पूर्व ब्रिटिश प्रधानमंत्री ऋषि सुनक ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर पोस्ट साझा कर हमास के हमले में मारे गए करीब 1,200 लोगों को याद किया. उन्होंने इसे यहूदी समुदाय पर होलोकॉस्ट के बाद सबसे भयावह हमलों में से एक बताया. सुनक ने मैनचेस्टर के एक सिनेगॉग पर पिछले साल हुए हमले का भी जिक्र किया. उन्होंने कहा कि यहूदी-विरोधी सोच का सामना करना और ब्रिटेन के यहूदी समुदाय के साथ मजबूती से खड़ा होना सभी की जिम्मेदारी है.



तिब्बती बौद्ध धर्म के गुरु दलाई लामा ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर पोस्ट साझा करते हुए अपना अनुभव बताया. उन्होंने कहा कि दूसरों की जितनी अधिक चिंता और परवाह करेंगे,अपने भीतर शांति का अनुभव भी उतना ही अधिक होगा. उन्होंने कहा कि दुनिया में जहां दयालुता कम होती है, वहां समस्याएं बढ़ती हैं. प्रेम, करुणा को केवल धार्मिक विषय नहीं समझना चाहिए,बल्कि यह सभी जीवों के बीच संबंधों की बुनियादी वास्तविकता है.

'मेरी सड़क' ऐप डाउनलोड कर फीडबैक देकर राष्ट्र के विकास में सहयोग दें।

MADHYA PRADESH RURAL ROAD DEVELOPMENT AUTHORITY

(An Agency of Panchayat & Rural Development Department, Govt. of M.P.)
3rd Floor, Vikas Bhawan, Arera Hills, Bhopal (M.P.)
(GST No. 23AAATM9054A3ZX)
No./10278/22/D-12/NIT-Maint./2026
Bhopal, Dated : 07.10.2026

NOTICE INVITING TENDER NO. 409/MTN/2026

Online Tenders for the following works are invited on the E-Procurement System portal **https://mptenders.gov.in** as detailed below :-

- **SSR Applicable :-** SSR issued by M.P. Rural Road Development Authority effective from 01.01.2024 and amendments upto issue date of NIT.
- **Table-1 : Name of Work :–** Repair/Maintenance of The Rural Roads For Five Years Constructed Under Pradhan Mantri Gram Sadak Yojna. (Post 5 Year)

S. No.	Name of District	No. of Packages	Total PAC (in Rs.)
1	Alirajpur	1	25538665.00
2	Anuppur	1	46729867.00
3	Balaghat	1	21093935.00
4	Barwani	2	37932129.00
5	Bhind	1	69117834.00
6	Chhatarpur	1	17501176.00
7	Damoh	2	12588471.00
8	Dewas	1	13124577.00
9	Dhar	3	70651250.00
10	Indore	2	8588065.00
11	Katni	1	11979178.00
12	Khargone	2	50524506.00
13	Mandsaur	1	21816319.00
14	Morena	1	8949293.00
15	Narmadapuram	1	20713981.00
16	Narsinghpur	1	34136107.00
17	Panna	3	54094233.00
18	Raisen	1	24621907.00
19	Ratlam	1	32503900.00
20	Sagar	4	130693635.00
21	Sehore	2	20744483.00
22	Shivpuri	4	38089673.00
23	Sidhi	1	18211877.00
24	Vidisha	1	24872767.00

- **Table-2 : Name of Work – Repair/Maintenance of The Rural Roads For Ten Years Constructed Under Pradhan Mantri Gram Sadak Yojna. (Post 10 Year)**

S. No.	Name of District	No. of Packages	Total PAC (in Rs.)
1	Anuppur	1	54258597.00
2	Balaghat	2	32244452.00
3	Betul	2	17540233.00
4	Bhind	2	32515825.00
5	Chhatarpur	5	110297889.00
6	Chhindwara	2	71650837.00
7	Dhar	5	75107816.00
8	Guna	1	14688354.00
9	Gwalior	2	14069703.00
10	Khandwa	4	19979888.00
11	Khargone	2	58837342.00
12	Mandsaur	2	35117349.00
13	Morena	2	49883373.00
14	Narmadapuram	1	9960053.00
15	Narsinghpur	2	266073.00
16	Panna	1	20615492.00
17	Raisen	4	23263711.00
18	Ratlam	1	4192428.00
19	Sagar	2	7878447.00
20	Sehore	1	6562178.00
21	Shajapur	2	41676836.00
22	Shivpuri	1	5472534.00
23	Sidhi	1	28207902.00
24	Tikamgarh	4	50165308.00
25	Ujjain	3	41967630.00
26	Umaria	1	24428520.00

- **Table-3 : Name of Work :-** Repair/Maintenance of The Rural Roads For Fifteen Years Constructed Under Pradhan Mantri Gram Sadak Yojna. (Post 15 Year)

S.No.	Name of District	No. of Packages	Total PAC (in Rs.)
1	Anuppur	2	90567517.00
2	Dewas	1	2924016.00
3	Harda	1	8847071.00
4	Khandwa	1	11348720.00
5	Neemuch	1	19964806.00
6	Raisen	2	29880372.00
7	Sagar	1	3800652.00
8	Shajapur	1	18366000.00
9	Shivpuri	1	2780976.00
10	Vidisha	1	8595079.00

1. Tender document can be purchased only online from the above website from **15.10.2026 from 17:30 hrs.** and last date for online bid submission is **31.10.2026 (17:00 hrs.)**.
2. Other Critical dates and details can be viewed in the detailed N.I.T. and tender document on the above-mentioned portal and concerned PIU.

Chief General Manager (TENDER)

M.P. Madhyam/128428/2026

आज का इतिहास

1818 जैक ब्रॉटन के डिज़ाइन किए गए पैडेड इंग्लिश बॉक्सर्स के बीच एक कॉम्पिटिटिव बॉक्सिंग मैच में किया गया.

1887 फिलीज़ ने लगातार 16वीं जीत के साथ क्लब का रिकॉर्ड बनाया.

1888 स्कॉटलैंड के जैक बर्न्स ने बेन सायर्स और डेविड एंडरसन जूनियर को 1 स्ट्रोक से हराकर अपना एकमात्र ओपन टाइटल जीता.

1904 वेंडरबिल्ट कप, न्यूयॉर्क के लॉन्ग आइलैंड के नासाउ काउंटी इलाके में पब्लिक सड़कों पर आयोजित की गई.

रूस-यूक्रेन को भारत ने दिया पीस प्लान

तीन सूत्रीय प्रस्ताव में कई अहम मुद्दे

नवभारत न्यूज नेटवर्क

नई दिल्ली, 7 अक्टूबर. भारत ने रूस और यूक्रेन के बीच युद्धविराम के लिए तीन-हिस्सों वाली योजना का प्रस्ताव रखा है. भारत इस संघर्ष को खत्म कराने में बड़ी भूमिका निभाना चाहता है, जो अब अपने पांचवें साल में है.

इस घटनाक्रम की जानकारी रखने वाले लोगों ने बताया कि युद्धविराम के इस प्रस्ताव में एनर्जी इंफ्रास्ट्रक्चर और ब्लैक सी से होने वाली कमर्शियल शिपिंग शामिल है. पिछले महीने विदेश मंत्री एस. जयशंकर की कीव यात्रा के दौरान नई दिल्ली ने यूक्रेन को युद्धविराम का प्रस्ताव दिया था. यूक्रेन के विदेश मंत्री आंद्री सिबिहा ने पुष्टि की कि कीव को नई दिल्ली से



ऐसा प्रस्ताव मिला है. उन्होंने इसे रूस के साथ युद्ध खत्म करने के मकसद से शुरू की गई चार अंतरराष्ट्रीय पहलों में सबसे व्यापक बताया. मालूम हो कि यूक्रेन को तुर्किए, मिस्र और अमेरिका से भी संभावित युद्धविराम प्रस्ताव मिले हैं. सिबिहा ने कहा कि कीव युद्धविराम के लिए अलग-अलग तरीकों पर विचार करने को तैयार है, लेकिन किसी भी समझौते में न सिर्फ लड़ाई-झगड़े बल्कि ऊर्जा और बंदरगाह के बुनियादी ढांचे पर हमलों और काला सागर की स्थिति को भी शामिल किया जाना चाहिए.

पुतिन ने की मोदी की तारीफ

उनका यह बयान तब आया जब रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के पास यूक्रेन के साथ युद्ध खत्म करने के लिए आपसी सहमति वाले... समाधान खोजने के बेहतरीन विचार हैं. उन्होंने संघर्ष को खत्म करने की कोशिशों के साथ-साथ तटस्थ रुख बनाए रखने के लिए भी पीएम मोदी की तारीफ की.